# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

# प्रेस नोट

दिनांक-23.08.2023

## गैर-इरादतन हत्या के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त नरेश यादव थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0351/2023 धारा 147/323/504/452/304 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नरेश यादव पुत्र रामजीत यादव नि0-ग्राम बरथौली थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को ग्राम बरथौली थाना चोलापुर से आज दिनांक-23.08.2023 को समय करीब 08.10 बजे को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

नरेश यादव पुत्र रामजीत यादव नि0-ग्राम बरथौली थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 50 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

1.व0उ0नि0 सुधीर कुमार त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 उदय शंकर तिवारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 सुजीत राय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.का0 छट्टू लाल थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।

